निदेशालय
महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, उत्तराखण्ड
सुद्धोवाला, निकट नन्दा की चौकी, चकराता रोड़ देहरादून।
ई मेल dir.icds.ua@gmail.com

पत्रांक C-02 /आ0बा0से सुप0भर्ती–1920–4/2025–26 दिनांक 01 अप्रैल, 2026

विज्ञप्ति

सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति संख्या– सी–2801 दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 के क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों से सुपरवाईजर के पदो पर चयन हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया में प्राप्त आवेदनों के क्रम में अनन्तिम चयन सूची दिनांक 01.04.2026 को विभागीय वेबसाइट https://wecdukschemes.in पर अपलोड कर दी गयी है। अनन्तिम सूची के सम्बन्ध में कोई आपत्ति होने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी, सूची जारी होने के अधिकतम 07 दिन के अन्दर (दिनांक 08.04.2026 सांय 5 बजे तक) विभागीय वेबसाइट https://wecdukschemes.in पर आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के लॉगिन आईडी में दिए गये लिंक के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। उक्त समय अवधि के उपरान्त तथा उपरोक्त ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से की गयी आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ती से सुपरवाईजर पद पर चयन हेतु उक्तानुसार जारी सूची, अनन्तिम सूची है, जो कि प्राप्त अपीलों के क्रम में संशोधित की जा सकती है, इसे कदापि अन्तिम सूची न समझा जायें। आपत्तिकर्ता द्वारा आपत्ति के संबंध में अभिलेखीय साक्ष्य भी अपलोड करने आवश्यक होंगे। आपत्ति को सिद्ध करने का उत्तरदायित्व आपत्तिकर्ता का होगा। अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

(बी0एल0राणा)
निदेशक। 1/4/26

पृष्ठांकन संख्या तथा दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक हिन्दुस्तान उत्तराखण्ड देहादून को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में सर्वाधिक पाठक/प्रसार वाले पृष्ठ में डी.ए.वी.पी. दरों पर दिनांक 02.04.2026 के अंक में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें तथा बिल भुगतान हेतु दो–दो प्रतियों में निदेशालय को प्रमाणित कर उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।
2. सचिव, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी।
4. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी।

निदेशक